तापमान
अधिकतम 43 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 18 मई 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 नगरी विकासखंड के विभिन्न शासकीय विभागों में 10 वर्षों से ...



12 पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निकली साइकिल रैली



## खबर संक्षेप

### छ.ग. कोसरिया यादव समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक 24 मई को

**धमतरी।** रविवार को प्रदेश संगठन छ.ग. कोसरिया यादव समाज पंजीयन क्रमांक 4473 रायपुर के तत्वधान में प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला अध्यक्षों की संयुक्त बैठक मयाराम सुरजन हाल, नवभारत प्रेस के पीछे एवं भा.ज.पा. कार्यालय कार्यालय के बाजु रजबंधा रायपुर में सुबह 10.30 बजे से आयोजित किया गया है जिसमें जिलाध्यक्षों एवं प्रदेश पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है। उक्त जानकारी तुलसीराम यादव धमतरी ने प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### जनजातीय गरिमा उत्सव 19 से

**धमतरी।** जिले में जनजातीय समुदायों के सर्वांगीण विकास और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 19 से 25 मई तक जनजातीय गरिमा उत्सव जनभागीदारी अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान अंतर्गत जिले के पीएम-जनमन एवं धरती आबा योजना से जुड़े ग्रामों में संतृप्ति अभियान, पौधरोपण कार्यक्रम, स्वास्थ्य जांच शिविर तथा ग्राम स्तरीय सघन शिविर आयोजित किए जाएंगे। सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि अभियान के दौरान अधिकारियों, आदिकर्मयोगियों तथा गैर सरकारी संगठनों द्वारा ग्राम भ्रमण एवं पैदल यात्रा आयोजित कर ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री उत्कर्ष योजना प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई को

**धमतरी।** मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा 26 जुलाई रविवार को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक होगी। योजना के तहत वर्तमान में कक्षा 5 वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। पात्रता के लिए कक्षा 4 वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड होना आवश्यक है। जिला धमतरी के लिए अनुसूचित जाति वर्ग से 3 तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग से 3 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। चयनित विद्यार्थियों को राज्य के उत्कृष्ट शिक्षण संस्थानों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिया जाएगा। विद्यार्थी के पालक की वार्षिक आय 2 लाख 50 हजार रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए। इच्छुक विद्यार्थी 20 जून तक अपने विद्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। शाला प्रमुख आवेदन परीक्षण कर 27 जून तक विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय भेजेंगे।

### सेक्टर अधिकारी नियुक्त

**धमतरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन अबिनाश मिश्रा ने त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन मई 2026 के तहत निर्वाचन से संबंधित कार्यों के सुचारू संपादन के लिए सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया है।

# सेवानिवृत्त प्राचार्य नाग ने अपनाई जैविक खेती, गांव के लोगों को सुबह दे रहे हरी सब्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम भीतररास के आश्रित ग्राम गढ़ियापारा निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य एम.आर. नाग शिक्षा सेवा से सेवानिवृत्त होने के बाद भी अपनी मेहनत, लगन और सकारात्मक सोच से गांव में एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत कर रहे हैं। वर्ष 2024 में सेवा निवृत्त होने के बाद उन्होंने अपने गृह ग्राम लौटकर जैविक खेती को अपनाया और आज सब्जी उत्पादन के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर अन्य किसानों के लिए मिसाल बन गए हैं।

पूर्व में मकड़ी क्षेत्र में पदस्थ रहे एम.आर. नाग ने अपने घर के पास लगभग 1 एकड़ भूमि में सुव्यवस्थित सब्जी बाड़ी विकसित की है, जहां वे विभिन्न प्रकार की मौसमी एवं हरी सब्जियों की खेती कर रहे हैं। उनके खेत में भिंडी, लौकी, करेला, ग्वारफल्ली, जरी, खट्टा भाजी, बरबटी सहित अनेक प्रकार की ताजी और हरी-भरी सब्जियां लहलहा रही हैं, जो उनकी मेहनत और जैविक खेती के प्रति समर्पण को दर्शाती हैं।

**सब्जी उत्पादन से प्रतिवर्ष 3.5 लाख की आय**



श्री नाग ने बताया कि वे पूरी तरह जैविक पद्धति से खेती करते हैं। खेतों में किसी भी प्रकार के रासायनिक उर्वरक जैसे यूरिया, डीएपी या रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग नहीं किया जाता। खाद के स्थान पर वे घर पर ही पारंपरिक पद्धति से जैविक खाद तैयार करते हैं और उसी का उपयोग खेती में करते हैं। उनका मानना है कि रासायनिक उर्वरकों और दवाइयों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी की उर्वरता घटती है और लोगों के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

उन्होंने कहा कि आज अधिकांश लोग बाजार से रासायनिक खाद और कीटनाशक दवाइयों का उपयोग कर खेती कर रहे हैं, लेकिन उनके द्वारा पुरानी पारंपरिक पद्धतियों के माध्यम से घर पर जैविक खाद बनाकर ही खेती की जा रही है। इससे सब्जियों की गुणवत्ता बेहतर होती है, स्वाद प्राकृतिक बना ▸▸ शेष पेज 11 पर

## सुशासन तिहार के समाधान शिविर में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, 465 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

# ग्रीन कॉरिडोर से जिले में होगा 500 करोड़ का निवेश, 6 हजार को रोजगार

**कई नए कार्यों की घोषणा-विंध्यवासिनी मंदिर से नहर नाका चौक तक गौरवपथ, जिला अस्पताल में 200 बिस्तर का विस्तार**









हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी के पर्यटन, उद्योग, व्यापार को नया आयाम देने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रीन कॉरिडोर का औपचारिक शुभारंभ किया। इस योजना के तहत जिले में विभिन्न कम्पनियों द्वारा करीब 500 करोड़ का निवेश का प्लान है। इससे जिले के 6 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार मिलेगा। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने जिले में विभिन्न 102 कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया, जिसकी लागत करीब 465 करोड़ रुपए है।

सुशासन तिहार के तहत जिले में आयोजित 10 वें समाधान शिविर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव शामिल हुए। यह कार्यक्रम पुरानी कृषि उपज मंडी में आयोजित थी। करीब 3 बजे मुख्यमंत्री पहुंचे। उन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार 1 मई शुरू हुआ है, जो 10 जून तक चलेगा। इस दौरान शासन-प्रशासन गांव गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रही है और उनका निराकरण कर रही है। बिजली, पानी, सड़क, आवास सहित अन्य सुविधाएं निचले स्तर तक पहुंचे इसके लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सुशासन तिहार के अलावा हर साल सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड भी प्रस्तुत करती है। सुशासन में कई समस्याओं का तत्काल निराकरण किया जा रहा है, जो समस्याएं बच गई हैं उनका निराकरण 30 दिन के भीतर कर गुणवत्ता पूर्वक कर लिया जाएगा। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा धमतरी की मांग पूरी करते आ रहे हैं। यह पहली बार है जब इतनी बड़ी राशि से विकास कार्यों की सौगात मिली है। इससे धमतरी जिले को नई पहचान मिलेगी। कुरूद विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि 40 साल से छत्तीसगढ़ के लोग नक्सलवाद का दंश झेल रहे थे। भाजपा सरकार ने वादे के मुताबिक छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा कर दिया है। खात्मा भी ऐसा हुआ है कि नक्सलवाद अब छत्तीसगढ़ में कभी लौट कर नहीं आ सकता है। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने 465 करोड़ की सौगात दी है, उसमें से 300 करोड़ रुपए तो सिर्फ धमतरी विकासखंड के विकास कार्यों के लिए है। उन्होंने रूद्री रोड को फोरलेन बनाने, रानी दुर्गावती चौक से विंध्यवासिनी मंदिर तक गौरवपथ, नगर निगम के लिए नया भवन, पेयजल लिए 15 करोड़ रुपए की मांग रखी।

कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, धमतरी विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू, इंदर चोपड़ा, श्रवण मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सार्वा, प्रीतेश गांधी, राजेश शर्मा, प्रकाश बैस, महेंद्र पंडित, चेतन हिंदूजा, रायपुर कमिश्नर श्याम धावड़े, कविंद्र जैन, कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, एसपी सूरज सिंह परिहार, जिपं सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर, नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल, श्यामा नरेश साहू, जपं अध्यक्ष धमतरी अंगीरा ध्रुव, जपं अध्यक्ष आमदी ज्योति साहू, खूबलाल ध्रुव, अग्रवाल साहू आदि उपस्थित थे।

### विधायक की मांग दरकिनार

समाधान शिविर में धमतरी विधायक ओंकर साहू शामिल हुए। कांग्रेस पार्टी के इकलौते जनप्रतिनिधि थे, जो इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने शहर की 5 बहुप्रतिक्षित मांगों को मुख्यमंत्री के सामने दोहराया। जिसमें शासकीय मेडिकल कॉलेज, अंबेकर चौक से गंगरेल तक फोरलेन सड़क, गोल बाजार का नवनिर्माण, घड़ी चौक से विंध्यवासिनी मंदिर तक सदर मार्ग का चौड़ीकरण, इंजियरिंग कॉलेज स्थापना शामिल थी। विधायक की इन मांगों पर गौर ही नहीं किया गया।

### इन कार्यों की मिली सौगात

मुख्यमंत्री ने धमतरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न विभागों के 102 विकास कार्यों का बटन दबाकर शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। शिलान्यास अंतर्गत 52 कार्य शामिल हैं, जिनकी कुल लागत 423 करोड़ 52 लाख 56 हजार रुपये है। इनमें लोक निर्माण विभाग धमतरी संभाग के 21 कार्य, जल प्रबंध संभाग रूद्री के 3 कार्य, जल संसाधन संभाग धमतरी के 6 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के 4 कार्य, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के 4 कार्य, नगर पंचायत आमदी का 1 कार्य तथा नगर पालिक निगम धमतरी के 13 कार्य शामिल हैं। इसी प्रकार लोकार्पण अंतर्गत 50 कार्य शामिल हैं, जिनकी कुल लागत 41 करोड़ 50 लाख 48 हजार रुपये से अधिक है। इनमें लोक निर्माण विभाग के 4 कार्य, बांध संभाग क्रमांक-2 रूद्री का 1 कार्य, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 35 कार्य, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग के 3 कार्य तथा नगर पालिक निगम धमतरी के 7 कार्य शामिल हैं। महानदी के उद्गम स्थान को नई पहचान दिलाने मां अभियान के कॉफी टेबल का विमोचन किया गया। जिले में तैयार हो रहे हस्त्रम हैंडलूम का शुभारंभ किया गया।

### हर पंचायत में अटल डिजिटल सेवा केंद्र खुलेंगे

मुख्यमंत्री ने हर ग्राम पंचायत में अटल डिजिटल सेवा केंद्र खोलने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 6 हजार से ज्यादा गांवों में ये सेवा केंद्र खोले जा चुके हैं। इन सेवा केंद्रों में हर प्रकार के प्रमाण पत्र बनाने, राजस्व रिकार्ड निकालने, रुपए निकालने जैसे कई काम होंगे। अगले माह से मुख्यमंत्री हेल्पलाइन का भी शुभारंभ किया जाएगा। जिसमें किसी प्रकार की समस्या या शिकायत को टोलफ्री नम्बर पर कॉल करके रजिस्टर्ड किया जा सकेगा। रजिस्टर समस्याओं और शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक निराकरण किया जाएगा। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### विभिन्न कार्यों की घोषणा

कार्यक्रम के अंतिम में मुख्यमंत्री ने विभिन्न मांगों को पूरा करने की घोषणा की। इसमें लक्ष्मी निवास से विंध्यवासिनी मंदिर होते हुए नहर नाका चौक तक गौरवपथ निर्माण, अंबेडकर चौक से रूद्री रोड फोरलेन, पेयजल के लिए इंटकवेल, सांकरा, घठुला तक 30 किमी मार्ग, कन्या उमा विद्यालय कुरूद और सेजेस कुरूद के लिए नया भवन बनाने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने हायर सेकेंडरी स्कूल में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 5वें स्थान पर आने वाली छात्रा कुसुमलता बिप्रे को टैबलेट और एआई स्किल टेस्ट में पास होने वाले और एआई इंटर्नशिप के 15 छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## सीएम के साथ गए हुए प्रीतेश गांधी धमतरी की राजनीति में बढ़ी हलचल



**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के धमतरी दौरे के बाद जिले की राजनीति में नए संकेतों को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। सुशासन तिहार के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने लगभग साढ़े चार सौ करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया।

पुरानी मंडी में आयोजित कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधियों को प्रोटोकॉल के अनुसार मंच पर स्थान मिला। धमतरी विधायक और महापौर ने क्षेत्रीय विकास से जुड़ी कई मांगें मुख्यमंत्री के सामने रखीं। मुख्यमंत्री ने अधिकांश मांगों पर तत्काल घोषणा नहीं करते हुए भविष्य में विचार का संकेत दिया, जबकि कुरूद क्षेत्र के लिए कन्या महाविद्यालय और पीएम श्री स्कूल की घोषणा की।

दौरे के दौरान सबसे अधिक चर्चा भाजपा नेता प्रीतेश गांधी को लेकर रही। कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री उन्हें अपने साथ हेलीकॉप्टर से राजधानी ले गए। राजनीतिक गलियारों में इसे विशेष महत्व दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि संगठन और सत्ता के बीच प्रीतेश गांधी की सक्रियता लगातार बढ़ रही है।

राजनीतिक जानकारों के अनुसार, विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा अभी से समीकरण साधने में जुटी है और मुख्यमंत्री का यह संकेत भविष्य की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। धमतरी की सियासत में अब इस घटनाक्रम को लेकर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

## कांग्रेस नेता नजरबंद, गरमाई राजनीति



**धमतरी।** मुख्यमंत्री के धमतरी आगमन से ठीक पहले कांग्रेस के शहर ब्लॉक अध्यक्ष गौतम वाधवानी, पार्षद दीपक सोनकर, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन एवं उनके साथियों को पुलिस ने रुद्री थाना में नजरबंद कर दिया। इससे जिले की राजनीति गरमा गई है। इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में आक्रोश है।

रविवार को समाधान शिविर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। इस कार्यक्रम से पहले पुलिस प्रशासन ने कांग्रेस नेता गौतम वाधवानी, दीपक सोनकर, राजा देवांगन को उनके घर से हिरासत में लिया और रुद्री थाना ले जाकर नजरबंद कर दिया। बताया जा रहा है कि पुलिस सुबह से ही उनके घर के बाहर तैनात थी और बिना किसी स्पष्ट कारण के उन्हें अपने साथ ले गई। इस घटना के बाद कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि सरकार विपक्ष की आवाज से इतनी डर चुकी है कि अब लोकतांत्रिक तरीके से सवाल उठाने वालों को भी पुलिस के दम पर दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश में वास्तव में सुशासन होता, तो विरोध करने वालों को थाने में बैठाने की जरूरत नहीं पड़ती। यह कार्रवाई साफ तौर पर सत्ता के दुरुपयोग और राजनीतिक बदले की भावना को दर्शाती है। गौतम वाधवानी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान किसी भी विरोध से बचने के लिए प्रशासन पुलिसिया दबाव बना रहा है।

**खरीदारों की बढ़ी भीड़, किराना सामानों के दाम रहे स्थिर**

# हरी सब्जियों की भरपूर आवक से बाजार में रेट सामान्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



गर्मी के मौसम में शहर के बाजारों में हरी सब्जियों की बंपर आवक होने से सब्जियों के दाम सामान्य बने हुए हैं। कम कीमतों के कारण उपभोक्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है और बाजारों में खरीदारों की अच्छी भीड़ उमड़ रही है। लोग बड़ी मात्रा में हरी सब्जियों की खरीदारी कर रहे हैं, जिससे बाजारों में रौनक बढ़ गई है।

रविवार को शहर के इतवारी बाजार में सुबह से ही लोगों की भीड़ दिखाई दी। सब्जी विक्रेता नंदलाल साहू ने बताया कि स्थानीय किसानों के साथ-साथ बाहरी मंडियों से भी बड़ी मात्रा में सब्जियां पहुंच रही हैं। इसके कारण दाम नियंत्रित बने हुए हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले कुछ दिनों तक सब्जियों के दाम बढ़ने की संभावना कम है।

हालांकि दूसरी ओर किसानों को कम दाम मिलने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कृषक खूबलाल सोनकर ने बताया कि सब्जियों की खेती में बीज, खाद, दवाई और सिंचाई पर काफी खर्च आता है, लेकिन बाजार में उचित मूल्य नहीं मिलने से किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि उत्पादन अधिक होने के कारण बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है और किसानों को लागत के अनुसार अनुरूप लाभ नहीं मिल पा रहा है।

रविवार को इतवारी बाजार में भटा 30 रुपये किलो, गाजर 40 रुपये, करेला 60 रुपये, बरबटी 30 रुपये, भिंडी 20 रुपये, ग्वारफली 40 रुपये, कद्दू 20 रुपये, टमाटर 20 रुपये, फूलगोभी 30 रुपये, हरी मिर्च 80 रुपये, पत्तागोभी 20 रुपये, लौकी 10 रुपये, तोरी 40 रुपये, शिमला मिर्च 40 रुपये, कटहल 40 रुपये और परवल 40 रुपये किलो बिका। वहीं हरा धनिया 100 रुपये किलो रहा।

किराना बाजार में भी आवश्यक वस्तुओं के दाम सामान्य बने हुए हैं। आलू 15 रुपये किलो, प्याज 25 रुपये किलो, शक्कर 45 रुपये, गुड़ 55 रुपये, लहसुन 150 रुपये किलो तथा विभिन्न दालों के दाम 80 से 120 रुपये किलो के बीच रहे। व्यापारियों का कहना है कि बाजार में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने के कारण फिलहाल महंगाई का असर कम दिखाई दे रहा है।

# पंजीयक कार्यालय में निकला जहरीला सांप, सर्पमित्र ने किया रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



शहर में गर्मी और उमस बढ़ने के साथ ही सांप निकलने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। रविवार सुबह कलेक्ट्रेट के पास स्थित पंजीयक कार्यालय में एक जहरीला गेहूंआ सांप निकलने से कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। कार्यालय में सांप दिखाई देने के बाद तत्काल इसकी सूचना सर्पमित्र सूर्यकांत साहू को दी गई।

सूचना मिलते ही सर्पमित्र सूर्यकांत साहू मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक करीब 5 फीट लंबे जहरीले गेहूंआ सांप का सफल रेस्क्यू किया। रेस्क्यू के दौरान कार्यालय परिसर में लोगों की भीड़ लग गई। काफी मशक्कत के बाद सांप को सुरक्षित पकड़ा गया और बाद में उसे जंगल में छोड़ दिया गया।

सर्पमित्र सूर्यकांत साहू ने बताया कि गर्मी के मौसम में हल्की बारिश और उमस बढ़ने से सांप अपने बिलों से बाहर निकलते हैं। इन दिनों शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में सांप निकलने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने और सांप दिखने पर खुद पकड़ने की कोशिश नहीं करने की अपील की। गौरतलब है कि शुक्रवार रात शांति कॉलोनी चौक क्षेत्र में भी एक बाइक में गेहूंआ सांप निकलने की घटना सामने आई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं से लोगों में सतर्कता बढ़ गई है।

## खबर संक्षेप

### नीट के मामले में एनएसयूआई ने किया पुतला दहन



**भानुप्रतापपुर।** एनएसयूआई द्वारा नीट परीक्षा पेपर लीक मामले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। एनएसयूआई भानुप्रतापपुर शहर अध्यक्ष आयुष शर्मा एवं जिला सचिव अनुराग शर्मा ने कहा कि छात्रों की मेहनत और सपनों के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय स्वीकार नहीं किया जाएगा। एनएसयूआई ने कहा कि संगठन छात्रों के अधिकारों, पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था और शिक्षा में ईमानदारी बनाए रखने की लड़ाई आगे भी मजबूती से लड़ता रहेगा। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष योगेश यादव, कॉलेज अध्यक्ष अनुराग साहू, ब्लॉक महासचिव राजकुमार गावड़े, कुणाल टेकाम, देव नेताम, ब्लॉक सचिव योगेंद्र उइके सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सिवनी में निर्माणाधीन स्पान पुलिया का किया गया निरीक्षण

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल के ग्राम पंचायत सिवनी में बस्तर विकास प्राधिकरण मद से निर्माणाधीन स्पान पुलिया का जनपद सभापति संचार एवं संकर्म/निर्माण विकास राजनायक ने निरीक्षण कर कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों ने निर्माण स्थल पहुंचकर कार्य की स्थिति का अवलोकन किया और संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनपद सभापति विकास राजु नायक ने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात शुरू होने से पहले हर हाल में पुलिया निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, अन्यथा संबंधित निर्माण एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बरसात के दौरान आवागमन की गंभीर समस्या उत्पन्न होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिया निर्माण कराया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता की सुरक्षा और सुविधा से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान मौजूद भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने भी निर्माण एजेंसी से कार्य में तेजी लाने एवं गुणवत्ता बनाए रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि पुलिया निर्माण पूरा होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी और बरसात के समय होने वाली परेशानियों से मुक्ति मिलेगी।

# गायत्री परिवार द्वारा व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शांतिकुंज हरिद्वार उत्तराखंड के तत्वाधान में गायत्री शक्तिपीठ धमतरी के संयोजन में गायत्री शक्तिपीठ सिलिडीह में 15 मई से 19 मई तक व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम प्रबन्ध ट्रस्टी श्रीमती खिलेश्वरी किरण, प्रान्तीय युवा प्रकोष्ट जिला संगठक श्रीमती लक्ष्मी साहू के नेतृत्व में आयोजित है। कार्यक्रम का उद्घाटन, शिविर का उद्देश्य, टोली गठन, जीवन लक्ष्य एवं कैरियर निर्माण, सफल जीवन के सूत्र, बुद्धि बढ़ाने के तरकीब, नादयोग, एवं रात्रि वीडियो के माध्यम से परमपूज्य गुरुदेव श्रीराम शर्मा आचार्य के संदेश दिया गया। इस शिविर में लगभग 145 युवक युवती शामिल होकर जीवन जीने की कला सीख रहे हैं। इस शिविर में भोलेश्वर सिन्हा की टोली, दिलीप निर्मलकर, नामदेव, रेणुका, टीमेश साहू द्वारा बताया गया कि प्रायश्चित क्या है? किसी भी व्यक्ति द्वारा किसी को मानसिक, शारीरिक एवं आर्थिक हानि पहुंचाता है तो उसकी भरपाई उसी रूप में की जाए उसे प्रायश्चित कहते हैं। सेवा के रूप में बुरे कर्म को अच्छे कर्म में बदला जा सकता है। कर्म फल का सिद्धांत, मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है। वर्तमान समय में युवा वर्ग अनेक व्यसनों में फस रहा है। युवा को व्यसन से मुक्त करना अनिवार्य है। व्यसन उन्मूलन पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। संस्कारों का विज्ञान बाल संस्कार शाला का संचालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। रचनात्मक आंदोलन में भागीदारी युवा एक महत्वपूर्ण कड़ी है। यह कार्यक्रम जिला समन्वयक दिलीप नाग, दुलार सिन्हा, उपांशु साहू, संतराम निषाद, श्रीमती बबीता साहू, डामन साहू, सुरेश साहू, नोशन, नंदनी सिन्हा, श्रीमती लक्ष्मी साहू, कौशल साहू, पुखराज साहू, अमृता, श्रीमती मनटोरा, सहायक प्रबन्ध ट्रस्टी चेतन साहू, डॉ. रामचन्द्र मेश्राम, भागीरथी सोनकर, डॉ. प्रदीप कुमार साहू एवं गायत्री परिजन के सहयोग से सफ़लता पूर्वक शिविर आयोजित हो रहा है।

### भीषण गर्मी के बीच सुबह-शाम घर पहुंच रही टीम

# जनगणना कर्मियों को घर-घर से जानकारी जुटाने में हो रही परेशानी





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में इन दिनों भीषण गर्मी के बीच जनगणना का प्रथम चरण शुरू हो चुका है। 1 मई से 30 मई तक चलने वाले इस अभियान के तहत प्रगणक और पर्यवेक्षक घर-घर पहुंचकर जानकारी जुटा रहे हैं। गर्मी को देखते हुए टीम सुबह 7 बजे से दोपहर पहले तक और शाम 4 बजे के बाद सर्वे कार्य कर रही है। इसके बावजूद जनगणना कर्मियों को लोगों से जानकारी लेने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई घरों में लोग जानकारी देने से बच रहे हैं, जिससे सर्वे कार्य की गति प्रभावित हो रही है। जनगणना टीम जब घरों तक पहुंच रही है तो लोग पहले यह पूछ रहे हैं कि कौन हैं और किस विभाग से आए हैं। पहचान बताने के बाद भी कई लोग कल आइए, अभी सोकर उठे हैं, खाना बना रहे हैं या घर का मुखिया नहीं है जैसे जवाब देकर जानकारी देने से बच रहे हैं। कई घरों में दरवाजा तक नहीं खोला जा रहा है। पहले दिन की स्थिति यह रही कि 10 घरों में दस्तक देने पर मुश्किल से 3 घरों से ही जानकारी मिल सकी।

#### जिले में 3 हजार कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

धमतरी जिले के चारों ब्लॉक को 14 हिस्सों में विभाजित कर जनगणना कार्य कराया जा रहा है। जिले के 627 गांव और 140 वार्डों में मकानों का सर्वे किया जाएगा। इसके लिए 3 हजार से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक पर्यवेक्षक के साथ 6 प्रगणक नियुक्त किए गए हैं।

#### पहले दिन 500 मकानों का डेटा अपलोड

जनगणना कार्य के पहले दिन जिलेभर में 500 से अधिक मकानों का डेटा ऑनलाइन अपलोड किया गया। वहीं लगभग 2 हजार लोगों ने स्वयं स्वगणना फार्म भरकर जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार पहले दिन सर्वर से जुड़ी कोई बड़ी तकनीकी समस्या सामने नहीं आई। प्रगणकों द्वारा मौके पर ही मोबाइल एप के माध्यम से फार्म भरा जा रहा है, जिसमें 10 से 15 मिनट का समय लग रहा है। जिले की जनसंख्या से जुड़े आंकड़ों के अनुसार धमतरी जिले की कुल आबादी 7 लाख 99 हजार 781 है। इसमें पुरुषों की संख्या 3 लाख 97 हजार 897 तथा महिलाओं की संख्या 4 लाख 1 हजार 884 दर्ज की गई है। जिले में कुल 1 लाख 70 हजार 590 मकान हैं। जिले की साक्षरता दर 78.36 प्रतिशत है जबकि लिंगानुपात 1000 दर्ज किया गया है। जिले की शहरी आबादी 1 लाख 49 हजार 195 तथा ग्रामीण आबादी 6 लाख 50 हजार 586 है।

#### लोगों से मांगी जा रही कई महत्वपूर्ण जानकारियां

जनगणना के दौरान प्रगणकों द्वारा लोगों से 33 प्रकार की जानकारियां ली जा रही हैं। इसके साथ 34वें सवाल के रूप में मोबाइल नंबर भी दर्ज किया जा रहा है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि मोबाइल नंबर केवल जनगणना संबंधी संचार के लिए लिया जा रहा है और फार्म भरने के दौरान किसी प्रकार का ओटीपी नहीं आएगा। सर्वे के दौरान मकान की स्थिति, दीवार और छत में उपयोग सामग्री, कमरों की संख्या, पानी की सुविधा, बिजली का स्रोत, शौचालय, रसोईघर, गैस कनेक्शन, ईंधन उपयोग, इंटरनेट सुविधा, टीवी, मोबाइल, कंप्यूटर, वाहन और अन्य घरेलू सुविधाओं से जुड़ी जानकारी ली जा रही है। इसके अलावा परिवार के सदस्यों की संख्या, परिवार प्रमुख का नाम, सामाजिक वर्ग और अन्य आवश्यक जानकारी भी दर्ज की जा रही है।

# बगदेही में आंधी-तूफान और बारिश से किसानों को हुआ भारी नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कुरूद विकासखंड के ग्राम बगदेही सहित आसपास के गांवों में सुबह लगभग 9 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश हुई। अचानक बदले मौसम ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों और खुले स्थानों पर रखे धान भीग जाने से किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार किसान इन दिनों धान की हार्वेस्टिंग के बाद उसे सुखाकर बोरी में भरकर भंडारण की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज बारिश शुरू हो गई। खुले में रखा धान पूरी तरह भीग गया, वहीं बोरी में भरे धान को ढंकने तक का समय किसानों को नहीं मिल पाया। इससे बड़ी मात्रा में धान खराब होने की आशंका जताई जा रही है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्रीष्मकालीन फसल के रूप में किसानों ने मूंग और उड़द की खेती भी शुरू की थी। लगातार हुई बारिश से खेतों में जलभराव की स्थिति बन गई है, जिससे इन फसलों को भी नुकसान पहुंचने की संभावना बढ़ गई है। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का सर्वे कर उचित मुआवजे की मांग की है।

# शनिदेव जयंती पर हवन पूजन एवं प्रसादी वितरण







हरिभूमि न्यूज ⏭कोर्रा(भखारा)

ग्राम अमलीडीह में जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से शनिदेव मंदिर में शनिदेव जयंती के पावन पर्व में हवन पूजन एवं प्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया था। 16 मई शनिवार को जयंती कार्यक्रम रखा गया था जिसमें जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव, उपाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू, सचिव यंजू साहू, सहसचिव दिनेश कुमार बनपेला, कोषाध्यक्ष देवनाथ साहू, मोनू साहू, संजय साहू, सागर साहू, रामेश्वर साहू, सोमप्रकाश यादव, रोमसिंह, कीर्तन साहू, डोमार साहू, खुलेश्वर साहू, संतोष निर्मलकर, रूपराम निर्मलकर, अरुण कुमार निर्मलकर, डागेश्वर यादव एवं ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

# रांवा स्कूल की दिव्या ने बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रांवा की छात्रा दिव्या सिन्हा ने कक्षा दसवीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए धमतरी जिले की टॉप-10 सूची में 10वां स्थान प्राप्त किया है। दिव्या ने 94.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय, गांव और परिवार का नाम रोशन किया है। दिव्या पिता नोमन सिंह सिन्हा की इस उपलब्धि पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष मानिक राम साहू, सदस्य पुनित राम साहू ने हर्ष जताया है।

प्राचार्य एन.के. गजेन्द्र, वरिष्ठ व्याख्याता शेषनारायण सिन्हा, अनिल यादव, रामकृष्ण गजेन्द्र, मधुबेल चंदन और चंद्रिका प्रसाद निर्मलकर ने उनके घर पहुंचकर छात्रा का मुंह मीठा कराया। प्राचार्य श्री गजेन्द्र ने कहा कि मेहनत का कोई शॉर्टकट नहीं होता। दिव्या की सफलता उसकी लगन, अनुशासन और निरंतर अध्ययन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

# बंदियों को त्वरित विधिक सहायता उपलब्ध कराने जेल में हेल्प डेस्क




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धमतरी द्वारा बंदियों एवं उनके परिजनों को त्वरित एवं सुलभ विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला जेल परिसर में मुलाकात से न्याय तक विधिक सहायता हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया। यह पहल राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की योजना के अनुरूप प्रारंभ की गई है जिसका उद्देश्य जेल में निरूद्ध व्यक्तियों के परिवारों को विधिक जानकारी, मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराना है। हेल्प डेस्क मुलाकात समय के दौरान संचालित किया जाएगा, जहां पैनल अधिवक्ता द्वारा बंदियों के परिजनों को जमानत, प्रकरण की स्थिति अपील, आवश्यक दस्तावेज, शासन की कल्याणकारी योजनाओं तथा अन्य विधिक अधिकरों के संबंध में जानकारी प्रदान की जाएगी। इसके माध्यम से बंदियों एवं उनके परिवारों के मध्य विधिक संवाद को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर रामकुमार तिवारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में विधिक सहायता हेल्प डेस्क जेल प्रशासन के सामंजस्य से जेल परिसर के मुलाकाती क्षेत्र में स्थापित किया गया। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जेल प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सौंगा के शिविर में उन्नत बछड़ों की लगी प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



पशुधन विकास विभाग द्वारा ग्राम सौंगा में भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली के सचिव नरेंद्र भूषण के प्रवास के दौरान निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्नत नस्ल के कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न विभिन्न नस्लों के लगभग 30 बछड़ों की रैली एवं प्रदर्शन किया गया। रैली में गिर, साहीवाल, थारपारकर एवं जर्सी नस्ल के बछड़ों को प्रदर्शित किया गया, जिसे पशुपालकों एवं ग्रामीणों ने काफी सराहा। कार्यक्रम का निरीक्षण अतिरिक्त संचालक डॉ. के.के. ध्रुव द्वारा किया गया। उन्होंने विभाग द्वारा किए जा रहे नस्ल सुधार कार्यों की प्रशंसा करते हुए इसे पशुपालकों के लिए लाभकारी बताया।शिविर के दौरान विभागीय टीम द्वारा पशु उपचार, दवाई वितरण, कृमिनाशक दवा, मिनरल मिक्सचर पैकेट वितरण, गर्भ परीक्षण एवं बधियाकरण जैसे कार्य भी संपादित किए गए।

इस अवसर पर डॉ. ए.के. मरकाम उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, डॉ. भुजेन्द्र सोनी, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी बी.एल. नागरची, खिलेश्वर सोनबेर, डेमन साहू सहित विभागीय कर्मचारी एवं गौसेवक पुरुषोत्तम यादव, नंदकुमार यादव, ओनियर कश्यप, जिनेंद्र साहू, महेश निषाद, यशवंत निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### पितरों के संस्कारों को सेवा के माध्यम से आगे बढ़ाना ही सच्ची श्रद्धांजलि है : नेहा

# गर्मी में राहत बनकर उतरा समाजसेवी घरौंदा परिवार का आत्मीय सेवा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ज्येष्ठ अमावस्या के पावन अवसर पर अपने पूज्य पितरों की पुण्य स्मृति एवं आशीर्वाद स्वरूप धमतरी के समाजसेवी श्रीमती ममता–ताराचंद गोयल (घरौंदा) परिवार द्वारा राहगीरों के लिए शीतल मठा सेवा का आत्मीय आयोजन किया गया। तपती गर्मी और तेज धूप के बीच यह सेवा लोगों के लिए राहत, संवेदना और अपनत्व का सुंदर संदेश बनकर सामने आई।

इस सेवा कार्य में श्रीमती नेहा–अमित गोयल ने सक्रिय सहभागिता निभाई। वहीं नन्हीं अर्शिया एवं काव्या ने सहज मुस्कान और आत्मीय भाव से राहगीरों को मठा पिलाकर सभी का मन मोह लिया। बच्चियों की संवेदनशील सहभागिता ने आयोजन को और अधिक भावपूर्ण बना दिया।

नेहा गोयल ने कहा कि, ज्येष्ठ अमावस्या केवल पितरों के स्मरण का अवसर नहीं, बल्कि उनके दिए संस्कारों को सेवा, संवेदनशीलता और मानवता के माध्यम से आगे बढ़ाने का भी दिन है। भीषण गर्मी में किसी प्यासे व्यक्ति को शीतलता पहुंचाना सबसे बड़ा संतोष देता है। इस पुनीत सेवा आयोजन में सुलेखा जोशी, सुनीता भट्टर, राज जैन,कविता राठी, आनंद जैस, सुभाष मलिक, सरिता दोशी, राजा, चुनेश्वर, रिज़वान एवं एनु का विशेष सहयोग रहा।

Pride of Dhamtari

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### सुहागिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना

**कांकेर।** वट सावित्री पर्व के अवसर पर ग्राम तालाकुर्रा में सुहागिन महिलाओं ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य एवं अखंड सौभाग्य की कामना की। पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। ग्रामीण क्षेत्र में यह पर्व पारंपरिक आस्था और भारतीय संस्कृति का प्रतीक माना जाता है। पूजा कार्यक्रम के दौरान गांव का वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं ने कहा कि वट सावित्री व्रत पति-पत्नी के अटूट प्रेम, विश्वास और समर्पण का प्रतीक है।

### राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक हासिल करने वाले डॉ. अशोक का गायत्री परिवार ने किया सम्मान

**कांकेर।** गायत्री परिवार द्वारा स्वास्थ्य विभाग के उप स्वास्थ्य केंद्र कंकालीनपारा में पदस्थ ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक डॉ. अशोक कुमार नाग का सम्मान किया गया। राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान मुंबई द्वारा आयोजित विभागीय प्रशिक्षण में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक अर्जित करने पर उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. अशोक कुमार नाग वर्तमान में गायत्री परिवार के जिला युवा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। जिले में युवाओं से जुड़े विभिन्न रचनात्मक कार्यों, सामाजिक सरोकारों तथा धर्म एवं संस्कृति आधारित कार्यक्रमों में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। जानकारी के अनुसार अध्ययन एवं अनुसंधान कार्यों में विशेष रुचि रखने वाले डॉ. नाग ने शासकीय दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पीएचडी की उपाधि भी प्राप्त की है। वे पिछले एक वर्ष से राष्ट्रीय जन स्वास्थ्य प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान मुंबई में डिप्लोमा इन हेल्थ प्रमोशन एजुकेशन का विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे। यह संस्थान देश के प्रतिष्ठित राष्ट्रीय संस्थानों में गिना जाता है, जहां देशभर के विभिन्न राज्यों से कर्मचारी एवं विद्यार्थी प्रशिक्षण के लिए पहुंचते हैं। ऐसे संस्थान में उत्तर बस्तर एवं छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए सर्वोच्च अंक हासिल करना जिले एवं प्रदेश के लिए गौरव की बात मानी जा रही है।

# कुरूद में डीजल-पेट्रोल संकट को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

प्रदेश में डीजल-पेट्रोल की कमी और बढ़ती कीमतों के विरोध में कुरूद विधानसभा क्षेत्र में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कुरूद बायपास रोड स्थित पेट्रोल पंप के सामने आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कहा कि प्रदेश के किसान और आम नागरिक पेट्रोल पंपों पर घंटों लाइन में खड़े रहने को मजबूर हैं। कई जगह लोगों को दो से तीन दिन तक इंतजार करना पड़ रहा है और सीमित मात्रा में ही डीजल-पेट्रोल मिल पा रहा है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती थी, लेकिन वर्तमान हालात में किसानों का कर्ज बढ़ता नजर आ रहा है।

**उग्र आंदोलन की चेतावनी : किसानों की परेशानी पर सरकार को घेरा**




जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा कि किसान सुबह से ईंधन की व्यवस्था के लिए भटक रहे हैं, जिससे खेती-किसानी का काम प्रभावित हो रहा है। उन्होंने सरकार से डीजल-पेट्रोल का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित करने की मांग कर चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस हर पेट्रोल पंप पर उग्र आंदोलन करेगी। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस नेताओं ने पेट्रोल पंप पर मौजूद किसानों, व्यापारियों और आम नागरिकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस प्रदर्शन में जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, ब्लाक अध्यक्ष महिम शुक्ला, नपं. उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, पूर्व अध्यक्ष तपन चंद्राकर, नरेंद्र सोनवानी, कामराय साहू और ज्ञानसिंह यादव सहित कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रशासनिक व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

# नगरी विकासखंड के विभिन्न शासकीय विभागों में 10 वर्षों से जमे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

विकासखंड नगरी के तहसील कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) कार्यालय, वन विभाग, बीईओ कार्यालय, स्वास्थ्य विभाग, डाइट नगरी, जनपद पंचायत नगरी सहित विभिन्न शासकीय विभागों में कई कर्मचारी पिछले लगभग 10 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें बाबू, चपरासी तथा अन्य कर्मचारी शामिल हैं, जो लंबे समय से एक ही कुर्सी पर जमे हुए हैं। इस स्थिति को लेकर आम नागरिकों के साथ-साथ विभागीय कार्यों से जुड़े लोगों के बीच चर्चा और असंतोष का माहौल बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शासकीय विभागों में समय-समय पर कर्मचारियों का स्थानांतरण प्रशासनिक पारदर्शिता, कार्यकुशलता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आवश्यक होता है। लेकिन नगरी विकासखंड के कई विभागों में वर्षों से एक ही कर्मचारी पदस्थ हैं, जिससे कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं।




विशेष रूप से तहसील कार्यालय, वन विभाग तथा अन्य प्रमुख कार्यालयों में बाबू, चपरासी और अन्य कर्मचारी लंबे समय से एक ही पद और स्थान पर कार्यरत हैं। लोगों का कहना है कि लंबे समय तक एक ही स्थान पर पदस्थ रहने से कार्यों में पारदर्शिता प्रभावित होती है और आम जनता को छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई नागरिकों ने यह भी आरोप लगाया कि कुछ कर्मचारी अपने प्रभाव और पुराने संबंधों के कारण वर्षों से स्थानांतरण से बचे हुए हैं, जिससे नई कार्यशैली और प्रशासनिक सुधारों को लागू करने में बाधा उत्पन्न हो रही है। शासन की मंशा होती है कि विभागीय कार्य सुचारू रूप से संचालित हों और जनता को समय पर सुविधाएं प्राप्त हों, लेकिन लंबे समय से जमे कर्मचारियों के कारण यह उद्देश्य प्रभावित होता दिखाई दे रहा है।

एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि वह अपने एक जरूरी कार्य को लेकर कई बार कार्यालय के चक्कर लगा चुका है, लेकिन अब तक उसका काम पूरा नहीं हो पाया। लोगों में चर्चा है कि बिना लेन-देन के कई कार्य लंबित पड़े रहते हैं, जिससे आम नागरिकों में असंतोष बढ़ रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने मांग की है कि ऐसे कर्मचारियों की सूची तैयार कर शासन स्तर पर समीक्षा की जाए तथा वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ कर्मचारियों का स्थानांतरण कर प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाया जाए। जनता का मानना है कि समय-समय पर स्थानांतरण से न केवल विभागीय कार्यों में सुधार आएगा, बल्कि आम नागरिकों को भी बेहतर, निष्पक्ष और समयबद्ध सेवाएं प्राप्त होंगी। अब देखना यह होगा कि संबंधित विभाग और प्रशासन इस दिशा में कितना गंभीर कदम उठाते हैं।

# वट सावित्री व्रत श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर शनिवार को जिलेभर में वट सावित्री व्रत श्रद्धा, आस्था और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए दिनभर उपवास रखकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

बठेना वार्ड में निर्मला सिंह के निवास स्थान पर बरगद वृक्ष के नीचे करीब 50 महिलाओं ने सामूहिक रूप से वट सावित्री व्रत की पूजा की। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पूजा सामग्री के साथ वट वृक्ष की परिक्रमा की और कच्चा सूत बांधकर सावित्री-सत्यवान की कथा सुनी। इस दौरान रेखा सिंह, रेवती साहू, शांति साहू, संगीता दास, दुर्गा सेन, संगीता साहू, सरिता सिन्हा, संगीता सिन्हा, नूतन सिन्हा, ज्योति दास और दुर्गा अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं।

महिलाओं ने बताया कि वे हर वर्ष पति की लंबी आयु और घर-परिवार की सुख-शांति के लिए यह व्रत रखती हैं। पूजा के दौरान मंगल गीत गाए गए और पूरे क्षेत्र में धार्मिक माहौल बना रहा। शहर के अन्य धार्मिक स्थलों पर भी महिलाओं की भीड़ देखने को मिली। महिलाओं ने जल, रोली, मौली, फल, धूप-दीप और भीगे चनों से वट वृक्ष की पूजा कर परिवार की खुशहाली की कामना की। पौराणिक मान्यता के अनुसार माता सावित्री ने अपने तप और समर्पण से यमराज से पति सत्यवान के प्राण वापस प्राप्त किए थे। इसी कारण यह व्रत अखंड सौभाग्य और पति की दीर्घायु का प्रतीक माना जाता है। जिलेभर में दिनभर धार्मिक आस्था और पारंपरिक संस्कृति का वातावरण बना रहा।

# पट्टा होने के बावजूद बेदखली वारंट

- पीड़ित ने निष्पक्ष सुनवाई नहीं होने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

तहसील कुरूद अंतर्गत ग्राम बगौद निवासी अभय राम साहू ने प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर आरोप लगाते हुए बेदखली वारंट की वैधानिकता पर सवाल खड़े किए हैं। मामला जमीन के मालिकाना हक से जुड़ा हुआ है।

पीड़ित श्री साहू ने बताया कि वे गांव के बजरंग चौक स्थित भूमि पर वर्षों से काबिज हैं। वर्तमान राजस्व रिकॉर्ड में यह भूमि प्रचलित आबादी भूमि के रूप में दर्ज है, जिस पर उन्हें वर्ष 2017 में शासन द्वारा मुख्यमंत्री आबादी पट्टा भी जारी किया गया है। इसके बावजूद एसडीएम कोर्ट द्वारा उक्त भूमि को घास भूमि बताते हुए बेदखली वारंट जारी कर अतिक्रमण हटाने का निर्देश तहसीलदार न्यायालय के माध्यम से दिया गया है, जो समझ से परे है। उनका आरोप है कि गांव के कुछ रसूखदार लोगों द्वारा दुर्भावनापूर्वक भूमि को घास भूमि घोषित कर उन्हें बेदखल करने की साजिश रची जा रही है।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि पूरी कार्रवाई राजनीतिक दबाव और हस्तक्षेप के चलते की जा रही है, जबकि उनके पास पट्टे सहित सभी वैध दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने जिला प्रशासन एवं उच्च अधिकारियों से मामले में हस्तक्षेप कर निष्पक्ष जांच और न्याय दिलाने की मांग की है।



### तीन दिन का नोटिस, दो दिन रहे अवकाश

प्रशासन की इस कार्रवाई में नोटिस की अवधि को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। बेदखली वारंट में अभय राम को अपना पक्ष रखने के लिए केवल 3 दिन का समय दिया गया। आदेश 15 मई को जारी हुआ और 18 मई सुबह 11 बजे तक अतिक्रमण हटाने की समय-सीमा तय की गई। इस अवधि में शनिवार और रविवार के अवकाश शामिल होने से पीड़ित को कानूनी सलाह लेने या उच्च अधिकारियों के समक्ष अपील करने का पर्याप्त समय नहीं मिल सका।

### पूर्व में हट चुका था स्टे

अभय राम के अनुसार, पूर्व में तहसीलदार न्यायालय द्वारा इस भूमि से संबंधित स्थगन आदेश निरस्त किया गया था, जिसके बाद उन्होंने निर्माण कार्य शुरू किया था। बाद में एसडीएम न्यायालय ने इसे निम्न न्यायालय का त्रुटिपूर्ण आदेश बताते हुए खारिज कर दिया। पीड़ित का कहना है कि बिना ठोस दस्तावेजों के विपक्षी पक्ष के दावों को सही मानते हुए की जा रही कार्रवाई प्रशासनिक निष्पक्षता पर सवाल खड़े करती है।

### न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत हो रही कार्रवाई

इस मामले में तहसीलदार सूरज बंछोर ने कहा कि यह पूरी कार्रवाई नियमानुसार और न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत की जा रही है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के आदेश का ही पालन सुनिश्चित किया जा रहा है और अतिक्रमण हटाने के निर्देश उसी आधार पर जारी किए गए हैं।

**प्रधानमंत्री के राष्ट्रव्यापी आह्वान का शहर में दिख रहा है असर**

# भाजपा प्रदेश सह कार्यालय मंत्री ने की बैटरी रिक्शे की सवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व स्तर पर ईरान और इजरायल के युद्ध के बाद वैश्विक रूप से जो मंदी का दौर अर्थव्यवस्था पर आया है उसके समाधान के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मितव्ययता का आह्वान करते हुए स्वयं भी इसे पालन करने का आदर्श समाज के समक्ष प्रस्तुत किए हैं। इसी का अनुसरण करते हुए अब सार्वजनिक जीवन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने वाले लोगों के द्वारा भी उक्त बातों को अपने दिनचर्या में समाहित करने का भाव स्पष्ट दिखाई दे रहा है ऐसा ही एक वाक्या भारतीय जनता पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी द्वारा अब शहर से छोटी दूरियों में परिवहन के प्रमुख साधन के रूप में ई रिक्शा को अपनाकर प्रेरक उदाहरण समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है। प्रीतेश गांधी ने आम जनमानस से अपील करते हुए कहा है कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में जब आर्थिक संतुलन और संसाधनों के बेहतर उपयोग की आवश्यकता बढ़ गई है, तब हम सभी देशवासी जन सहयोग को हथियार बनाकर इस परिस्थिति पर विजय प्राप्त कर रहें है जिससे हमारे दैनिक जीवन में समय की बचत होगी इसके साथ ही आर्थिक रूप से भी समृद्धि का दौर आएगा और यही वर्तमान समय की आवश्यकता भी है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति अपने जीवन का अभिन्न अंग बचत को बना ले यही राष्ट्र कार्य तथा देश भक्ति है।



# बंगाल चुनाव में मेहनत करने वाली बीथिका विश्वास का हुआ सम्मान



- भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के नवनियुक्त पदाधिकारी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा में जिला महामंत्री नियुक्त होने पर गोविंद सिंह ढिल्लन एवं जिला उपाध्यक्ष बनने पर सरिता असाई का भाजपा कार्यालय में भव्य सम्मान किया गया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रंजना साहू, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, जिला संगठन प्रभारी किरण बघेल एवं पूर्व जिला अध्यक्ष शशि पवार ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों को शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर बीथिका विश्वास का भी विशेष सम्मान किया गया। बीथिका विश्वास ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में तीन माह तक संगठन के लिए दिन-रात मेहनत कर महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने कहा, गोविंद सिंह ढिल्लन और सरिता असाई के नेतृत्व में अल्पसंख्यक मोर्चा जिला में और मजबूत होगा। बीथिका विश्वास जैसी कार्यकर्ता भाजपा की असली ताकत हैं जो बंगाल जैसे राज्यों में जाकर पार्टी को मजबूत करती हैं।/"

जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि भाजपा में हर कार्यकर्ता का सम्मान होता है। नवनियुक्त पदाधिकारी केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को अल्पसंख्यक समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएंगे। उक्त अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## पेज 9 का शेष

### सेनि प्राचार्य एमआर नाग ने अपनाई जैविक खेती, गांव के लोगों ...

रहता है और लोगों को शुद्ध एवं रसायनमुक्त भोजन उपलब्ध होता है।

एम.आर. नाग द्वारा उत्पादित ताजी जैविक सब्जियां आसपास के गांवों में भेजी जाती हैं, जहां लोग इन्हें पसंद करते हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि इन सब्जियों में प्राकृतिक स्वाद बना रहता है और स्वास्थ्य के लिए भी यह लाभकारी है। उनका मानना है कि यदि लोग स्वस्थ रहेंगे, तो परिवार और समाज दोनों खुशहाल रहेंगे।

उन्होंने बताया कि इस कार्य में उनके छोटे भाई प्रभु नाग और रामविलास नाग का भी महत्वपूर्ण सहयोग मिलता है। सामूहिक प्रयास और कम लागत वाली इस खेती से उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 3 लाख 50 हजार रुपये की आय प्राप्त हो रही है। खेती में खर्च बहुत कम होने के कारण लाभ अधिक मिलता है, जिससे जैविक खेती आर्थिक रूप से भी लाभदायक साबित हो रही है।

श्री नाग का कहना है कि खेती केवल जीविकोपार्जन का साधन ही नहीं, बल्कि प्रकृति से जुड़ने, स्वस्थ जीवन जीने और समाज को बेहतर दिशा देने का माध्यम भी है। उनकी इस पहल से क्षेत्र के छोटे-बड़े किसान भी जैविक खेती की ओर प्रेरित हो रहे हैं। वे किसानों को संदेश देते हैं कि यदि मेहनत, धैर्य और सही पद्धति अपनाई जाए, तो खेती को लाभकारी बनाया जा सकता है।

गांव में उनकी सफलता आज चर्चा का विषय बनी हुई है और लोग उन्हें एक प्रेरणास्रोत के रूप में देख रहे हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी सक्रिय रहकर आत्मनिर्भर बनने की उनकी यह पहल निश्चित रूप से समाज के लिए एक सकारात्मक संदेश है।

# सुशासन तिहार में ग्रामीणों ने उठाई शौचालय निर्माण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुरानी कृषि उपज मंडी में रविवार को आयोजित सुशासन तिहार में शीतलापारा वार्ड पार्षद ने सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग की है। कृषि उपज मंडी में सुशासन तिहार के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम शीतलापारा पार्षद उमा भगीरथी ध्रुव ने आवेदन कर कहा है कि उनके वार्ड में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से वार्डवासियों को अत्याधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रुप से महिला एवं बुजुर्गों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।



सघन रूप से बसे इस वार्ड में सार्वजनिक शौचालय नहीं होने से स्वच्छता संबंधी समस्याएं उत्पन्न है। वार्ड की जनसंख्या को देखते हुए सार्वजनिक शौचालय की अत्यंत आवश्कता है। वार्डवासियों के साथ सुशासन तिहार में पहुंचे पार्षद ने शौचायल निर्माण शीघ्र कराने की मांग की है।

## खारवाल परिवार ने राहगीरों को पिलाया आम पना

**धमतरी।** भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच जब राहगीर तपती सड़कों से गुजर रहे थे, तभी रत्नाबांधा रोड स्थित पीडब्ल्यूडी ऑफिस के सामने लोगों को ठहरकर कुछ पल की शीतल राहत मिली। अवसर था मासिक शिवरात्रि का, जब खारवाल परिवार द्वारा प्रेम, सेवा और आत्मीयता के साथ आम पना सेवा का आयोजन किया गया। इसमें माया खंडेलवाल, सुमन खंडेलवाल, वर्षा खंडेलवाल, स्वाति खंडेलवाल, वीणा खंडेलवाल, ज्योति खंडेलवाल, पिंकी खंडेलवाल, श्रुति खंडेलवाल, मेघा खंडेलवाल एवं ऋषिता खंडेलवाल ने सहभागिता निभाई।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




दशगात्र आज

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे धर्मपत्नी श्रीमती रुखमणी सोनी का स्वर्गवास दिनांक 10.05.2026 रविवार को हो गया है। अतः इस दुखद प्रसंग में उपस्थित होकर ब्रह्मलीन आत्मा को शांति प्रदान करें।

दशगात्र एवं संपूर्ण कार्यक्रम
दिनांक : 18.05.2026, सोमवार
स्थान : ग्राम मेघा (मगरलोड)
तालाब कार्यक्रम : दोपहर 12 बजे

शोकाकुल परिवार - भुनेश्वर, माखनलाल, गोरेलाल, गजाधर, मोहनलाल, धमेन्द्र, नारायण सोनी, पापेश्वर सोनी, जितेन्द्र सोनी एवं समस्त सोनी परिवार

- विनीत -
पुरुषोत्तमलाल सोनी (धर्मपत्नी)
गगनकुमार-सुषमा सोनी (बेटा-बहू)
रेखा (बेटी), लक्ष्मी-नीरज (बेटी-दामाद)
कुमकुल, भावना, दुर्गेश
मो. 9302193010

जिस किसी स्नेहीजन को आमंत्रण न मिला हो कृपया इसे ही आमंत्रण समझें

# नागदेव मंदिर हटकेशर में शनि जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शनिवार को न्याय के देवता शनिदेव की जन्मोत्सव हटकेशर में विधि विधान से मनाई गई। हवन-पूजन, प्रसादी वितरण के बाद शनिदेव की महिमा स्थानीय रामायण मंडली ने श्रोताओं को गीत-संगीत के माध्यम से सुनाया।

शनिदेव जन्मोत्सव का दुर्लभ संयोग शनि अमावस्या शनिवार को था। नागदेव मंदिर चौक हटकेशर स्थित शनि मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शनिदेव की पूजा करने पहुंचे श्रीमती भगवती साहू, रूखमणी बाई ने बताया कि शनिदेव को प्रसन्न करने के लिए सरसों का तेल, काली तिल, काली उड़द की दाल, काले वस्त्र, नीले गहरे रंग का फूल, मीठी पुड़ी, धूप, दीप, अक्षत चढ़ाकर पूजा करने का विधान है। शनि जन्मोत्सव पर वे शनिदेव की पूजा-अर्चना कर घर-परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की है।

शनिदेव की षोड्शोपचार विधि से पूजा कराने वाले पं. कमलेश शास्त्री ने बताया कि शनिदेव की मंदिर बिरले जगहों पर होती है। शनिदेव को न्याय का देवता माना जाता है। यूं तो शनिदेव का पूजा-अर्चना अन्य देवताओं की तरह की जाती है लेकिन शनिदेव के शरण में जाने का अलग तरीका है। उन्होंने बताया कि जैसे न्यायाधीश के सामने सीधे जाकर खड़े नहीं होते इसी तरह शनिदेव के सामने जाकर शरणागत नहीं होना चाहिए। शनिदेव के बाजू में खड़े होकर दोनों हाथों को पीछे कर शीश नवाना चाहिए और न्याय के देवता से अपनी गलतियों का क्षमा मांगकर उनके शरणागत होना चाहिए।

हटकेशर स्थित शनिदेव मंदिर के मुखिया भागीरथी ध्रुव ने बताया कि करीब 20 साल पहले हटकेशर में ख्याति प्राप्त रामायण मंडली थी। दूर-दूर से उनके मंडली को रामायण कथा के लिए बुलाया जाता था। मंडली ने शनिदेव का मंदिर बनाने का फैसला लिया। 2010 में शनिदेव का प्रतिमा स्थापित कर जन सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया गया। अब इस मंदिर में साढ़ेसाती शनि, अढ़ैया आदि दोषों का निवारण के लिए पंडितों के माध्यम से विशेष पूजा-अर्चना कर शांति कराया जाता है।

## दुर्लभ संयोग में पूजा अर्चना, विविध कार्यक्रम आयोजित



### प्रसादी वितरण, शनि पाठ का आयोजन

प्रशांत मीनपाल, अशोक पटेल, महेन्द्र देवांगन आदि ने बताया कि शनि जन्मोत्सव में खीर-पुड़ी, खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। शाम को रामायण मंडली द्वारा शनि पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना मंहगा पड़ा

**कांकेर।** अंतागढ़ पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि शासकीय कृषि उपज मंडी अंतागढ़ के पास कुछ लोग अवैध रूप से शराब सेवन कर रहे हैं। पुलिस टीम ने दो गवाहों की उपस्थिति में रेड कार्रवाई की। पुलिस को देखते ही कुछ लोग मौके से फरार हो गए, जबकि पीताम्बर उइके (45 वर्ष) निवासी जैतानवागांव को मौके पर पकड़ा गया। आरोपी ने शराब का पौवा और डिस्पोजल गिलास नाली में फेंक दिया था। मुलाहिजा में शराब सेवन की पुष्टि होने पर आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जमानत मुचलके पर रिहा किया गया।

### महिला ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**कांकेर।** पाखांजूर थानांतर्गत पीव्ही 116 पखांजुर निवासी जो मूल रूप से झारखंड की बालंगी निवासी 30 वर्षीय काजल कुमारी पति भीम राणा अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में 16 मई को दोपहर एक बजे के आसपास फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### पुलिस की जांच के बाद दर्ज किया गया अपराध

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थाना क्षेत्र के चौकी कच्चे अंतर्गत हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने जाँच में मिले बयान के आधार पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि ग्राम साल्हे निवासी तातू राम दुग्गा अपनी बाइक से लौट रहा था, तभी ईरागांव पहाड़ के पास आरोपी दुवारू राम नरेटी ने तेज रफ्तार व लापरवाही से बाइक चलाते हुए उसे टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल तातू राम का रायपुर एम्स में इलाज चल रहा था, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग जाँच पर मामला दर्ज कर लिया है।

### वृद्ध ने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कांकेर।** थाना कांकेर अंतर्गत भंडारीपारा निवासी 50 वर्षीय विनोद तिवारी पिता स्व. दशरथ यादव ने 16 मई को सुबह 6 बजे अज्ञात कारणों के चलते अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस आसपास के लोगों एवं परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत नारायणपुर जिले के टिमनार खेरगांव निवपासी निवासी 35 वर्षीय पुनकाय पिता गाड़ोराम की सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था, जिसका इलाज रायपुर में चल रहा था। रायुपर में मौत हो जाने के उपरांत रायपुर थाना से बिना नंबर की मर्ग डायरी लाकर मामले को अंतागढ़ थाने में पेश किया गया।

यूथ हॉस्टल एसोसिएशन धमतरी का आयोजन

# पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निकली साइकिल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफ इंडिया, धमतरी इकाई द्वारा शहर में जन-जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा सप्ताह में कम से कम एक दिन साइकिल चलाने के लिए प्रेरित करना था। इस दौरान बढ़ती पेट्रोल-डीजल कीमतों और प्लास्टिक से प्रकृति को होने वाले नुकसान को लेकर भी लोगों को संदेश दिया गया।

रैली की शुरुआत शहर के घड़ी चौक से हुई। रंग-बिरंगी साइकिलों पर सवार युवाओं, बच्चों और महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। रैली घड़ी चौक से रवाना होकर रत्नाबांधा चौक, शिव चौक, गर्ल्स स्कूल, बांसपारा से होते हुए बिलाई माता मंदिर पहुंची, जहां सभी प्रतिभागियों ने माता का आशीर्वाद लिया। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण के नारे लगाते हुए रैली सदर बाजार मार्ग से वापस घड़ी चौक पहुंचकर संपन्न हुई।

संगठन के सचिव सुबोध महावर ने कहा, "वर्तमान समय में पेट्रोल और गैस की बढ़ती कीमतों तथा संसाधनों की कमी को देखते हुए सभी नागरिकों को ईंधन का सीमित उपयोग करना चाहिए। अपने स्वास्थ्य और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए सप्ताह में कम से कम एक दिन 'साइकिल डे' के रूप में मनाएं।"

अध्यक्ष रमेश कुमार देव ने कहा, "लोगों को प्रकृति और साहसिक गतिविधियों से जोड़ना ही यूथ हॉस्टल का मूल उद्देश्य है। यह एक वैश्विक संगठन है, जो समय-समय पर ऐसी जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन करता रहता है।"

## मुनि जनों का मिला आशीर्वाद



रैली के शुभारंभ के समय साध्वी जयशिशु वीरतीय श्री जी का शहर आगमन हुआ, जहां घड़ी चौक में सभी सदस्यों ने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। उनके मंत्रोच्चार के बाद रैली प्रारंभ हुई। वहीं समापन के समय संत विनय कुशल मुनि गणि जी का आगमन हुआ और प्रतिभागियों ने उनके भी दर्शन किए। इस प्रकार रैली के शुभारंभ और समापन दोनों अवसरों पर मुनि जनों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

### पदाधिकारियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

रैली के दौरान संगठन के चेयरमैन हुकुमचंद जैन ने कहा, "पर्यावरण की रक्षा करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। इस साइकिल रैली के माध्यम से हम समाज को यह संदेश देना चाहते हैं कि प्रकृति का संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है।"

### गणमान्य नागरिकों की रही उपस्थिति

आयोजन में महिलाओं, बच्चों सहित शहर के अनेक प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. पी.सी. चौधरी, मनीष चंद्राकर, योगेश गुप्ता, धनंजय सोनकर, वेंकटेश साहू, एकता सिंह, गीता सिन्हा, काजल मुंजवानी, परविंदर कौर, नरेंद्र जैन, विजय अग्रवाल, कमलेश कोठारी, डॉ. भूपेंद्र साहू, विश्वेष कोटवानी, अनमोल कोटवानी, भव्य महावर, उमेश सिंह बशिष्ट, अयांश सिंह, चंद्रप्रकाश जैन, मोहन यादव और केतन यादव सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप मैनेजर को आंख में मिर्ची झोंककर लूटा

- लाइन से बाहर आकर पेट्रोल लेने से मना करने पर विवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी



मामूली विवाद जब सनक और बदले की खौफनाक आग में बदल जाए, तो वारदात कितनी रोंगटे खड़े कर देने वाली हो सकती है, इसकी एक बानगी भखारा क्षेत्र के सेमरा मोड़ पर देखने को मिली है। बिरेझर पेट्रोल पंप में लूट की इस सनसनीखेज वारदात ने पूरे इलाके को दहला कर रख दिया है।

पेट्रोल पंप पर सिर्फ लाइन तोड़ने से मना करने जैसी छोटी सी बात पर एक सिरफिरा युवक इस कदर भड़क गया कि उसने फिल्मी स्टाइल में बदला ले डाला। आरोपी ने अपने नकाबपोश साथियों के साथ मिलकर पेट्रोल पंप के मैनेजर को बीच रास्ते में घेरा, उसकी आंखों में तीखा मिर्ची पाउडर झोंका, बेरहमी से पीटा और मोबाइल समेत नगदी लूटकर फरार हो गया।

### दिन में हुई बहस, रात को बिछाया जाल

इस खौफनाक बिरेझर पेट्रोल पंप लूट मामले की शुरुआत 15 मई को हुई थी। सेमरा मोड़ स्थित पेट्रोल पंप पर ईंधन लेने वालों की भारी भीड़ उमड़ी थी। लंबी लाइन और हंगामा को देखते हुए व्यवस्था संभालने के लिए कुछ देर के लिए पेट्रोल देना बंद किया गया था। बाद में तहसीलदार के निर्देश पर मौके पर पुलिस की ड्यूटी लगाई गई, जिसके बाद दोबारा पेट्रोल का वितरण शुरू हुआ। इसी बीच एक युवक कतार को दरकिनार करते हुए सीधे नोजल के पास पहुंच गया और दादागिरी दिखाते हुए तुरंत पेट्रोल देने की मांग करने लगा। जब मैनेजर ने नियम का हवाला देकर लाइन में आने को कहा, तो आरोपी गाली-गलौज और मारपीट पर उतारू हो गया। उस वक्त तो लोगों ने बीच-बचाव कर दिया और आरोपी देख लेने की धमकी देते हुए चला गया, लेकिन उसके दिमाग में बदले की खौफनाक साजिश चल रही थी।

### सन्नाटे में घेरकर आंखों में डाली मिर्ची, फिर बेरहमी से पीटा

आरोपियों ने असली खौफनाक खेल रात में खेला गया। आरोपी दिन के विवाद को भूला नहीं था और घात लगाए बैठा था। रात करीब 10 बजे, जब पेट्रोल पंप का मैनेजर अपनी ड्यूटी खत्म कर अपने घर मड़ेली लौट रहा था, तभी रास्ते के सन्नाटे में आरोपी ने अपने चार नकाबपोश साथियों के साथ उसे घेर लिया। मैनेजर कुछ समझ पाता, इससे पहले ही नकाबपोशों ने इस बिरेझर पेट्रोल पंप लूट की वारदात को अंजाम देने के लिए उसकी आंखों में तीखा मिर्ची पाउडर झोंक दिया, जिससे वह पूरी तरह बेबस हो गया। आंखों में जलन से तड़प रहे मैनेजर को आरोपियों ने लात-घूसों से जमकर पीटा। दर्द से कराहते मैनेजर के पास मौजूद उसका कीमती मोबाइल फोन और जेब में रखे 2,000 नगद छीनकर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाते हुए रफूचक्कर हो गए।

**पुलिस अलर्ट, सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी :** इस बिरेझर पेट्रोल पंप लूट मामले की लिखित रिपोर्ट पेट्रोल पंप संचालक अर्पित ने भखारा थाने में दर्ज कराई है। पंप संचालक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात नकाबपोशों के खिलाफ लूट, मारपीट और साजिश के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस की टीमें इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं और पेट्रोल पंप पर दिन में विवाद करने वाले युवक की पहचान की जा रही है।

### महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से संगठन और मजबूत होगा : संगीता

**धमतरी।** महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष संगीता सिन्हा का शुक्रवार को धमतरी पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा घड़ी चौक में जोरदार स्वागत किया गया। बालोद से सड़क मार्ग होते हुए रायपुर पदभार ग्रहण करने जा रही संगीता सिन्हा के धमतरी आगमन पर कांग्रेसियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## कामप्लेक्स के दुकान पर शिक्षक का कब्जा



**धमतरी।** पारिवारिक संबंध का फायदा उठाकर एक शिक्षक द्वारा काम्पलेक्स के एक दुकान पर कब्जा का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित महिला ने दुकान खाली करवाने की गुहार कलेक्टर से लगाई है। मामला जनपद पंचायत नगरी का है। पीड़ित महिला निर्मला साहू ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर कहा है कि जनपद पंचायत नगरी के अधीन प्रियदर्शिनी काम्पलेक्स का 13 नंबर दुकान माधव सिंह सार्वा के नाम पर आबंटित है। माधवसिंह उनके पिता है जिसका आकस्मिक निधन हो गया है। पिता ने नगरी निवासी एक शासकीय शिक्षक को कुछ माह के लिए दुकान का संचालन करने दिया था। शिक्षक से पारिवारिक संबंध था जिसका फायदा उठाते हुए दुकान पर अवैध कब्जा जमा लिया है। बार बार कहने के बाद भी दुकान को खाली नहीं कर रहा है। निर्मला साहू ने कहा है कि उनके द्वारा हर माह का किराया नगरी जनपद में जमा किया जा रहा है। उन्होंने कलेक्टर से दुकान खाली कराकर उसे कब्जा दिलाने की मांग की है।

### 10वीं में 75 प्रतिशत तो 12वीं में शत-प्रतिशत सफलता

**कुरूद।**। सकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चरमुड़िया के विद्यार्थियों ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 75 प्रतिशत रहा, जिसमें कुल 56 परीक्षार्थियों में से 42 विद्यार्थी सफल हुए।

## रूद्रेश्वर घाट में अस्थि विसर्जन के लिए नाव की मांग



**धमतरी।** सुशासन तिहार में कार्यक्रम मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बस्तर संभाग प्रभारी भाजपा पिछड़ा मोर्चा हेमराज सोनी ने हैलीपैड में भाजपा गमछा पहनाकर स्वागत किया साथ ही धमतरी क्षेत्र के विकास हेतु ध्यान आकर्षित करके उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने धमतरी के रूद्रेश्वर महादेव घाट में अस्थि विसर्जन हेतु एक नाव चालू करने, पालिटेक्निक कॉलेज को अपग्रेड कर इंजिनियरिंग कालेज में उन्नयन करने, मेडिकल कॉलेज व वनांचल क्षेत्र नगरी में मुख्यमंत्री बस सेवा राजधानी से शुरू करने, धमतरी-बालोद जिले के ओनाकोना को पर्यटन के रूप विकसित करने की मांग की।

# विकास कार्यों के लिए किया मुख्यमंत्री का अभिनंदन

- धमतरी विस में बीते वर्ष सड़क पुल पुलिया, भवन हेतु 224 करोड़ की मिली थी स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज सुशासन तिहार के अंतर्गत धमतरी पहुंचे। मंच से लगभग 405 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की घोषणा की गई। पिछले वर्ष सुशासन तिहार पर मुख्यमंत्री ने अनेक घोषणाएं की थी उन घोषणाओं को अमलीजामा पहनाने में सरकार की ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ी गई।

विगत वर्ष जितनी घोषणाएं की गई उससे कहीं अधिक विकास कार्य साय सरकार में स्वीकृत हुए। बीते वर्ष धमतरी विधानसभा हेतु स्वीकृत हुए प्रमुख कार्यों में सिहावा चौक से नहर नाका 4 लेन 5 किमी, मुजगहन से रत्नाबांधा 4 लेन 4.40 किमी, आमदी नगर पंचायत 4 लेन गौरव पथ 3.50 किमी, देमार तरसींवा मार्ग चौडीकरण 4.90 किमी, सिविल लाइन कॉलोनी पहुंच मार्ग, पोटियाडीह खरतुली पहुंच मार्ग, धमतरी बाग़तराई मार्ग, गुजरा रींवागहन मार्ग, अर्जुनी से अमलीडीह 19.20 किमी मार्ग चौडीकरण, संबलपुर से श्यामतराई मुख्य मार्ग के डिवाइडर की ऊंचाई बढ़ाने का कार्य, राज्यमार्गों के जंक्शन में क्रैश बैरियर लगाने का कार्य, रींवागहन कुर्रा मार्ग, बिंद्रा नवागांव पहुंच मार्ग एवं छाती, गागरा, कंडेल देवपुर मार्ग का चौड़ीकरण तथा मजबूतीकरण इत्यादि लगभग 203 करोड़ का सड़क पुल पुलिया निर्माण कार्य एवं भवन निर्माण तथा अन्य विकास कार्य अंतर्गत पॉलिटेक्निक कॉलेज में अतिरिक्त नवीन भवन निर्माण हेतु लगभग 12 करोड़, कन्या महाविद्यालय छात्रावास बाउंड्री वॉल हेतु 4.62 करोड़, फायर स्टेशन एवं गैरेज हेतु नवीन भवन निर्माण, परिवार न्यायालय हेतु नवीन भवन इत्यादि पर लगभग 21 करोड़ की प्रशासकीय स्वीकृति धमतरी विधानसभा हेतु वर्ष 2025–26 में प्राप्त हुई है।

कुल मिलाकर लगभग 224 करोड़ रुपयों के विकास कार्यों की स्वीकृति गत वर्ष धमतरी विधानसभा के लिए प्रदाय करने के लिए यहां के समस्त जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रवासियों एवं आम जनता की ओर से पूर्व जिलाध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, कविंद्र जैन, रोहिताश मिश्रा, तारेंद्र चंद्राकर सहित अन्य गणमान्य जनों ने मुख्यमंत्री को अभिनंदन पत्र भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया।

संजीवनी एक्सप्रेस टीम ने कराया सुरक्षित प्रसव

# 108 एंबुलेंस में गूंजी नवजात की किलकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



गर्भवती महिला को बेहतर उपचार के लिए सिविल अस्पताल नगरी से जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में अचानक प्रसव पीड़ा बढ़ने पर 108 संजीवनी एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने तत्परता, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए एंबुलेंस में ही सुरक्षित प्रसव कराया। प्रसव के बाद जच्चा और नवजात दोनों स्वस्थ बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार ग्राम महुआबहारा, विकासखंड नगरी निवासी 29 वर्षीय खिलेश्वरी नेताम को प्रसव पीड़ा होने पर सिविल अस्पताल नगरी में भर्ती कराया गया था। महिला की स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल धमतरी रेफर किया।

धमतरी ले जाते समय रास्ते में महिला की प्रसव पीड़ा अचानक तेज हो गई और स्थिति गंभीर हो गई। ऐसे समय में 108 एंबुलेंस के स्टाफ तोयेंद्र वर्मा एवं कुलदीप सिंह ने घबराए बिना तत्काल निर्णय लेते हुए ईआरसीपी डॉक्टर के मार्गदर्शन में एंबुलेंस को सुरक्षित स्थान पर रोका और आवश्यक चिकित्सकीय प्रक्रिया अपनाते हुए महिला का सुरक्षित प्रसव कराया। कुछ ही देर में महिला ने एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। एंबुलेंस स्टाफ ने नवजात और जच्चा की प्राथमिक देखभाल की तथा बाद में दोनों को वापस सिविल अस्पताल नगरी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों की निगरानी में दोनों की हालत सामान्य और स्वस्थ बताई जा रही है। इस संबंध में 108 जिला प्रबंधक दीपक साहू ने बताया कि जिले में वर्तमान में 108 संजीवनी एक्सप्रेस की 10 एंबुलेंस संचालित हैं, जिनमें सभी कर्मचारी प्रशिक्षित और आपात परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हैं। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में 108 डायल कर निःशुल्क एंबुलेंस सेवा का लाभ लिया जा सकता है। इस मानवीय और सराहनीय कार्य के लिए महिला के परिजनों तथा स्थानीय लोगों ने 108 संजीवनी एक्सप्रेस टीम की प्रशंसा करते हुए कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि समय पर मिली सहायता से मां और नवजात दोनों सुरक्षित हैं, जो 108 सेवा की उपयोगिता और कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर,
01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 15,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020